दैनिक
# न्याय साक्षी

## संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म- खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, रविवार 29 सितम्बर 2019

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# पाक को दो टूक

आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर मुद्दे पर पूरी दुनिया में प्रलाप करने वाले पाक को सीधे शब्दों में समझा दिया कि 'बातचीत की बोली, पीछे से गोली' साथ-साथ नहीं चल सकती। इसके लिए पहले विश्वास बहाली का माहौल बनाना होगा तथा पाक की कथनी-करनी का फर्क समाप्त होना चाहिए। उनका इशारा पिछले दशकों में हुई वार्ताओं और उन्हें पलीता लगाने की कोशिशों की तरफ था। दरअसल, अमेरिका में ह्यूस्टन के एनआरजी स्टेडियम में संपन्न बहुचर्चित 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम से न केवल ट्रंप बल्कि अंतर्राष्ट्रीय जगत भी मुग्ध हुआ है। हालांकि, अफगानिस्तान मुद्दे पर पाक की जरूरत को महसूस करते हुए डोनाल्ड ट्रंप खुलकर भारत के पक्ष में खड़े नजर नहीं आते, मगर प्रतीकों के जरिये उन्होंने बार-बार इशारा किया कि दोनों ही देश मिलकर इस समस्या का समाधान करें। ट्रंप तो यहां तक कह गये कि आतंकवाद व अन्य मुद्दों से निपटने में मोदी सक्षम हैं। हालांकि, कई बार ट्रंप मध्यस्थता की बात कर चुके हैं, मगर साथ ही यह कहकर पेच डाल देते हैं कि यदि भारत चाहे तब ही ऐसे प्रयास हो सकते हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की जैसी उपेक्षा अमेरिका यात्रा के दौरान हुई, उससे उन्हें दुनिया में पाक के अलग-थलग पड़ने का अहसास हो गया है। मगर आर्थिक रूप से दिवालिया और तमाम समस्याओं से पाक जनता का ध्यान हटाने के लिये कश्मीर मुद्दे को उछालते रहना उनकी मजबूरी है। फिर कश्मीर मुद्दा खत्म होने से पाक सेना की दुकानदारी भी प्रभावित हुई है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि इमरानखान सरकार सेना के हाथों की कठपुतली है। उनकी पार्टी की स्थापना भी एक पूर्व आईएसआई अधिकारी ने मुख्यधारा की पार्टियों को ठिकाने लगाने के लिये की थी, जिसमें सेना व आईएसआई कामयाब भी हुए हैं। जाहिर है सेना की भाषा बोलना इमरान खान की मजबूरी है।

निःसंदेह ह्यूस्टन रैली के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय राजनय के क्षेत्र में नया मुहावरा गढ़ा है। इतना ही नहीं भारतीय राजनय को नये तेवर भी दिये हैं। मोदी ने इस कार्यक्रम का समय ऐसा चुना जब अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र की आम सभा होने जा रही थी और दुनिया के तमाम प्रभावी राष्ट्राध्यक्ष अमेरिका में जुट रहे थे। इससे पहले कि पाक हमलावर होता भारत की कूटनीति ने उसे बचाव की मुद्रा में ला दिया। अब उसका करीबी मित्र रहा अमेरिका भी उसे भारत के साथ खुद ही मामला सुलझाने की नसीहत दे रहा है। निःसंदेह ह्यूस्टन समारोह की भव्यता को पूरी दुनिया का मीडिया भी नजरअंदाज नहीं कर सका। जाहिर है इससे भारत का राजनयिक क्षेत्रों में कद बढ़ा है। निःसंदेह अमेरिका में पहली बार किसी विदेशी नेता का इतना बड़ा कार्यक्रम हुआ और किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने उसमें शिरकत की है। एक समय वह भी था जब अमेरिका के राष्ट्रपति भारत के प्रधानमंत्री को घंटों इंतजार कराते रहे हैं।

# रिजर्व बैंक ने लक्ष्मी निवास बैंक को ऋण देने, नयी शाखाएं खोलने से रोका




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रिजर्व बैंक ने निजी क्षेत्र के लक्ष्मी विलास बैंक की कमजोर वित्तीय स्थिति के मद्देनजर उसके खिलाफ त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) व्यवस्था के तहत कर्ज आदि देने संबंधी कई पाबंदियां लगा दी हैं। केंद्रीय बैंक ने इस बैंक के अवरुद्ध ऋणों के उच्च स्तर, जोखिम से बचाव के लिए पर्याप्त पूंजी के अभाव तथा दो लगातार साल से संपत्तियों पर नुकसान के मद्देनजर यह कदम उठाया है। पीसीए के तहत लक्ष्मी निवास बैंक पर ऋण देने, नयी शाखाएं खोलने तथा लाभांश का भुगतान करने पर रोक लग गयी है। बैंक को चुनिंदा क्षेत्रों को दिये ऋण में कमी लाने पर भी काम करना होगा। लक्ष्मी विलास बैंक ने शनिवार को नियामक को इसकी जानकारी दी। रिजर्व बैंक ने यह कार्रवाई ऐसे समय की है जब दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने धोखाधड़ी तथा कोष के दुरुपयोग को लेकर लक्ष्मी विलास बैंक के निदेशक मंडल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रिजर्व बैंक के त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई से इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस का लक्ष्मी विलास बैंक में प्रस्तावित विलय अधर में अटक गया है। विलय को अभी रिजर्व बैंक से मंजूरी नहीं मिली है। रिजर्व बैंक ने 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्त वर्ष के लिये जोखिम की निगरानी के तहत हुई जांच के बाद यह कार्रवाई शुरू की है। वित्त वर्ष 2018-19 में लक्ष्मी निवास बैंक का शुद्ध एनपीए 7.49 प्रतिशत, पूंजी पर्याप्तता अनुपात 7.72 प्रतिशत रहा तथा संपत्तियों पर 2.32 प्रतिशत नुकसान हुआ। बैंक को 2018-19 में 894.10 करोड़ रुपये का घाटा हुआ।

## सैमसंग देश का सबसे अधिक उपभोक्ता-केंद्रित ब्रांड




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उपभोक्ताओं के बीच किसी ब्रांड को खरीदने में कितनी सहजता है और वह ब्रांड अपने उपभोक्ताओं के साथ किस हद तक जुड़ा है, इसे लेकर तैयार की गयी एक सूची में दक्षिण कोरिया की मोबाइल कंपनी सैमसंग देश का सबसे उपभोक्ता केंद्रित ब्रांड बनकर सामने आयी है। ब्रांड सर्वेक्षण करने वाली कंपनी टीआरए रिसर्च ने अपनी 'मोस्ट कंज्यूमर-फोकस्ड ब्रांड्स रिपोर्ट-2019' का तीसरा संस्करण पेश किया है। इस सूची के लिए 19 मानकों पर 500 सबसे अधिक उपभोक्ता केंद्रित ब्रांडों की रैंकिंग की गयी और कुल 10,000 ब्रांडों के बीच यह सर्वेक्षण किया गया।। सूची में शीर्ष पांच में से चार ब्रांड इलेक्ट्रानिक क्षेत्र से जुड़े हैं जबकि एक ब्रांड सौंदर्य प्रसाधन का है। वहीं शीर्ष दस में खानपान क्षेत्र का एक, वाहन क्षेत्र के दो और वित्त क्षेत्र का भी एक ब्रांड है। सूची में लैपटॉप निर्माता डेल दूसरे पर, एप्पल तीसरे पर, एलजी चौथे पर और पॉन्ड्स पांचवे स्थान पर है। इसके बाद क्रमशः होंडा, भारतीय जीवन बीमा निगम, सोनी, टाटा मोटर्स और अमूल का स्थान है। शीर्ष 100 ब्रांड की सूची में 56 भारतीय ब्रांड हैं। रपट को बीते सप्ताह जारी किया गया।

## रिलायंस कैपिटल ने रिलायंस निप्पन लाइफ में 21.54 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का काम पूरा किया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रिलायंस कैपिटल ने रिलायंस निप्पॉन लाइफ एसेट मैनेजमेंट (आरनाम) में 21.54 प्रतिशत हिस्सेदारी को 3,030 करोड़ में बेचने का काम पूरा कर लिया है। कंपनी ने यह हिस्सेदारी इस संयुक्त उपक्रम में उसकी साझेदार जापान की निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस को ही बेची है। रिलायंस कैपिटल ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि आरनाम में 700 करोड़ रुपये मूल्य की बाकी 4.28 प्रतिशत हिस्सेदारी को वह भविष्य में बेचेगी। अनिल धीरूभाई अंबानी के नेतृत्व वाला रिलायंस समूह की वित्तीय सेवा कंपनी रिलायंस कैपिटल इससे पहले 2,480 करोड़ रुपये में आरनाम में 17.06 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच चुका है। अब तक बेची गयी हिस्सेदारी से रिलायंस कैपिटल को 6,200 करोड़ रुपये मिल हैं जिसका उपयोग वह अपने ऋण बोझ को कम करने में करेगी। कंपनी ने बताया कि हिस्सेदारी बेचने के लिए 23 मई 2019 को निप्पॉन लाइफ के साथ एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।

## ट्रायल के लिए रवाना हुई दिल्ली-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वैष्णों देवी जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने ट्वीट जानकारी दी है कि नई दिल्ली और कटरा के बीच 3 अक्टूबर से वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन शुरू हो जाएगा। गोयल ने कहा है कि गृह मंत्री अमित शाह इस एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। शनिवार को यह ट्रेन नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से अंतिम ट्रायल के लिए रवाना हुई।

ट्रायल के लिए ट्रेन सुबह 6 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से कटरा के लिए रवाना हुई। सुबह 8.10 बजे अंबाला स्टेशन पर पहुंची। यहां पर दो मिनट के स्टापजे के बाद ट्रेन अंबाला से चल दी। इसके बाद ट्रेन 9.20 बजे करीब लुधियाना स्टेशन पर पहुंची। जम्मू स्टेशन पर यह ट्रेन करीब 12.40 बजे पहुंच गई। ट्रेन का कटरा पहुंचने का समय दोपहर करीब दो बजे का है।

वापसी में ट्रेन दोपहर 3 बजे कटरा से दिल्ली के लिए चलेगी। यहां से ये ट्रेन जम्मू शाम 4.13 बजे पहुंचेगी। दो मिनट रुक कर ये ट्रेन लुधियाना के लिए रवाना होगी। यहां ये ट्रेन शाम 7.32 बजे पहुंचेगी। यहां ये ट्रेन दो मिनट रुकेगी। यहां से ये ट्रेन लुधियाना के लिए रवाना होगी और ये ट्रेन यहां 8.48 बजे पहुंचेगी। दो मिनट रुक कर ये ट्रेन रात 11 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बिना खाता खोले आउट हुए रोहित




**विजयनगरम।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां जारी अभ्यास मैच में भारतीय बोर्ड अध्यक्ष एकादश की ओर से एक सलामी बल्लेबाज के रूप में खेल रहे रोहित शर्मा बिना खाता खोले ही आउट हो गए। तीन दिवसीय अभ्यास मैच के आखिरी दिन शनिवार को रोहित केवल दो गेंद ही खेल पाए।

रोहित ने मयंक अग्रवाल के साथ पहली बार रेड बॉल क्रिकेट में पारी की शुरुआत की और तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलेंडर का शिकार बने। हेनरिक क्लासेन ने उनका कैच लपका। भारतीय की वनडे टीम में सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाने वाले रोहित टेस्ट क्रिकेट में देश के लिए मध्यक्रम में ही खेले हैं, लेकिन लोकेश राहुल के खराब प्रदर्शन के कारण टीम प्रबंधन ने दो अक्टूबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज में रोहित को एक सलामी बल्लेबाज के रूप में मैदान पर उतारने का निर्णय लिया है।

## पी कश्यप सेमीफाइनल में मोमोता से हारे,भारतीय चुनौती खत्म



**इंचियोन ।** परूपल्ली कश्यप का कोरिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में शनिवार को पुरूष एकल सेमीफाइनल में नंबर वन केंतो मोमोता के हाथों हार के साथ सफर समाप्त हो गया, जिसके साथ ही टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी खत्म हो गई। टूर्नामेंट में अकेले ही भारतीय चुनौती संभाल रहे कश्यप को पुरूष एकल सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय जापान के मोमोता के हाथों 13-21, 15-21 से हार झेलनी पड़ी। दोनों के बीच 40 मिनट तक चले मुकाबले में मोमोता पूरी तरह हावी दिखाई दिए। उन्होंने कुल 70 अंकों में 42 जीते जबकि कश्यप केवल 28 अंक ही जीत पाए। इसके अलावा मोमोता ने 3 गेम प्वांइट भी अपने नाम किए जबकि कश्यप को एक भी गेम प्वांइट नहीं मिला। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी की कश्यप के खिलाफ करियर में यह तीसरी जीत है। भारतीय खिलाड़ी शीर्ष वरीय मोमोता से अपने करियर में कभी जीत दर्ज नहीं कर सके हैं। उन्होंने मोमोता से चार वर्ष पहले इंडोनेशिया ओपन में शिकस्त झेली थी।

मैच के पहले गेम में मोमोता ने शुरूआत से ही बढ़त बनाये रखी और 8-5 के स्कोर के बाद 18-10 के साथ अपनी स्थिति मजबूत कर ली। उन्होंने फिर लगातार चार अंक लेकर कश्यप को 21-13 से पीछे छोड़ गेम समाप्त किया। दूसरे गेम में दोनों के बीच कई रोमांचक पल देखने को मिले जब कश्यप ने पिछड़ने के बाद लगातार पांच अंक लेकर मोमोता से 12-12 से स्कोर बराबर किया।

## उम्मीदों का बोझ आपको नर्वस कर सकता है: मेरी कॉम



**नई दिल्ली।** विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप की सबसे सफल मुक्केबाज एमसी मेरी कॉम ने कहा कि 9वीं बार इस शीर्ष प्रतियोगिता में भाग लेने से पहले वह 'नर्वस' हैं। ऐसा प्रतिस्पर्धा के कारण नहीं, बल्कि स्वदेश में लगाई जा रही उम्मीदों की वजह से है। मेरी कॉम ने अब जिन आठ विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लिया है, उनमें उन्होंने छह गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता है। उन्होंने पिछली बार 2018 में दिल्ली में विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था।

आंकड़ों में तो वह इस प्रतियोगिता की सबसे सफल मुक्केबाज हैं। उन्हें अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (एआईबीए) से 'मैग्निफिसेंट मेरी' का तमगा भी मिला है। रूस के उलान उदे में तीन से 13 अक्टूबर के बीच होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले मेरी कॉम ने कहा, 'मैं हमेशा कहती हूं कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी, लेकिन मेडल की गारंटी नहीं दे सकती। मैं खुद से ही यही कहती हूं लेकिन दबाव हमेशा बना रहता है और इससे उबरने को लेकर दबाव बना रहता है। इससे आप नर्वस हो सकते हो।'

मेरी कॉम और अन्य भारतीय मुक्केबाज रविवार की सुबह रूस रवाना होंगे। उन्होंने कहा, 'विश्व चैंपियनशिप मेरे लिए जाना पहचाना मंच है, लेकिन प्रतिस्पर्धा हमेशा नई होती है। मैं इसके लिए तैयार हूं।' मेरी कॉम का 48 किग्रा में दबदबा रहा है। उन्होंने 2012 में लंदन ओलिंपिक में ब्रॉन्ज और 2014 में एशियाई खेलों में गोल्ड इसी भार वर्ग में जीता था, लेकिन उनका कोई भी विश्व खिताब 51 किग्रा में नहीं है।

उन्होंने कहा, 'मैंने दोनों भार वर्गों (48 और 51 किग्रा) में अच्छे परिणाम हासिल किये लेकिन दमखम हमेशा चुनौती रहती है।

आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिये भी मेरा इसी पर ध्यान है और मैं इसके लिये तैयार हूं। यह मेरे लिये नया भार वर्ग नहीं है लेकिन मैं फिर से दोहराना चाहूंगी कि परिणाम की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती है।'

## आज का राशिफल

*मेषः-* आज षष्ठम शत्रु भाव में चंद्रमा का प्रबल योग बन रहा है। सांय 5 बजे तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है।

*वृषभः-* आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी।

*मिथुनः-* आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा।

*कर्कः-* आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

*सिंहः-* आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म अध्यात्म के मामले में पढ़ाई-लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना अच्छा होगा।

*कन्याः-* आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य करें।

*तुलाः-* आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है।

*वृश्चिकः-* माली हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अतः- कार्यशील रहें।

*धनुः-* आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं।

*मकरः-* आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है।

*कुंभः-* आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से परेशानी हो सकती है। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा।

*मीनः-* आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको कमी रही है।

## चावल मिक्स वेज रोटी बनाने की विधि



### सामग्री :

चावल का आटा - 3 से 4 टेबलस्पून, पत्ता गोभी - 2 टेबलस्पून, फूल गोभी - 2 टेबलस्पून, शिमला मिर्च - 1 टेबलस्पून, गाजर - 1 टेबलस्पून, घी - 1 टेबलस्पून, हरी मिर्च - 2, अदरक - 2 टीस्पून पेस्ट, हरा धनिया - 2 से 3 टेबलस्पून, नमक - 1 टीस्पून

### विधि :

1. सबसे पहले सभी सब्जियों को बारीक काट कर एक साइड पर रख लीजिए। 2. उसके बाद एक बाउल लें, उसमें चावल का आटा डाल दें।

3. आटे में घी को छोड़ सारी सब्जियां डालकर अच्छे से मिक्स करें।

4. मिक्स करने के बाद धीरे-धीरे पानी डालते हुए सख्त आटा गूंथ लें।

5. गूंथने के बाद कांटे वाले चम्मच की मदद से रोटी पर छोटे-छोटे छेद कर लें।

6. तवे पर डालने से पहले रोटी के एक तरफ अच्छी तरह घी लगा दे।

7. तवे पर एक साइड सिकने के बाद दूसरी साइड पर भी घी लगाकर रोटी अच्छे से सेक लें।

8. आपकी मिक्स चावल रोटी बनकर तैयार है।

9. इसे मक्खन या फिर बाजारी चनों के साथ गर्मा-गर्म सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 100

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 99 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

## सू-दोकू- 100

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.99 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |